ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-05-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-05-10	2023-05-11	2023-05-12	2023-05-13	2023-05-14
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	41.0	41.0	42.0	43.0	44.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	23.0	23.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	16	17	21	29	45
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	7	6	6	7	8
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10	11	17	19	27
पवन दिशा (डिग्री)	176	223	244	232	227
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 41.0 से 44.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23.0 से 14.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ लू चलने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	किसान भाई कपास की आर.जी-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542, एच.डी.-123 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। फसल में जड़ गलन रोग के नियंत्रण के लिए ट्राइकोड्रमा हारजेनियम 10 ग्राम प्रति किलो

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	बीज की दर से उपचारित करें। बुवाई के समय कतार से कतार की दुरी 67.5 सेंटीमीटर (2.25 फीट) अवश्य रखें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस महीने में उच्च तापमान के परिणाम स्वरुप जानवरों में निर्जलीकरण, शरीर में लवण और भूख की कमी व उत्पादन में कमी आदि की समस्या रहती हे। इसलिए उच्च तापमान से जानवरों की रक्षा करना अनिवार्य है। पशुओं को नियमित रूप से नमक दे। आहार में खनिजलवण की मात्रा पर्याप्त हो ताकि हार्मोन्स का संतुलन पशुओं के शरीर में बना रहे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए किसान भाई सब्जियों व बागानों में अतिरिक्त सिंचाई अवश्य दे। सब्जियों व बागानों में वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें।
मिट्टी परीक्षण	किसान भाई मृदा परीक्षण के लिए 30 सेंटीमीटर गहराई तक से मिट्टी का नमूना इकट्ठा कर मिट्टी का परीक्षण नजदीकी प्रमाणित एजेंसियों या सरकारी कार्यालय से कराएं।
सामान्य सलाह	मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी गी्रष्मकालीन जुताई कर खेत को खुला छोड़ दे जिससे खरपतवार, एवं कीटों के अवशेष नष्ट हो सके तथा मानसून के समय वर्षा के पानी का अवशोषण अधिक से अधिक हो सके।
सामान्य सलाह	उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए जानवरों को छाया में रखें और निर्जलीकरण से बचाने के लिए दिन में 3-4 बार पीने का पानी दें।